## राजस्थान सरकार

( कायदा – 129 )

### जनरल रूल्स सिविल रूल्स 129 अपेन्डेंक्स फार्म नंबर 8 के

### न्यायालय उपखण्ड अधिकारी, बिजौलिया जिला – भीलवाड़ा (राज.)

| किस्म मुकदमा<br>1 | नंबर मुकदमा<br>2 | तारीख दायर<br>3 | तारीख फैसला<br>4 | पेशी दिनांक<br>5 |
|---|---|---|---|---|
| 111-128 | 98/24 | 5/4/2024 | | 18/4/2024 |

## अनवान

श्री लीला देवी w/o प्रभुलाल तेली — श्री प्रेमपुरी s/o देरामपुरी गुसाई

निवासी जैन मोहल्ला चाँदेहा — निवासी धरौंदा

अधिवक्ता वादी / प्रार्थी / अपीलान्ट — अधिवक्ता प्रतिवादी / विपक्षी / रेस्पोडेंट

डिक्रीदार — मदयून

श्री प्रफुल धाकड़ — श्री ........

# FORM NO. III

## फर्द अहकम

(नियम 26)

अज अदालत उपखण्ड अधिकारी मुकाम बिजौलियां

लीला देवी बनाम प्रेम पुरी

किस्म मुकदमा – 111 – 128 नम्बर 98 /2024

| तारीख हुक्म | हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज | नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए |
| --- | --- | --- |
| 5/4/2024 | प्रार्थना पत्र सीगे से बाद जांच पेश हुआ। प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर किया जाकर अप्रार्थी को नोटिस मय नकल प्रार्थना पत्र जारी हों। पत्रावली वास्ते तलबी/जवाब दिनांक 18/4/2024 को पेश हों।<br>उपखण्ड अधिकारी<br>बिजौलियां | |
| 18/4/24 | पत्रावली पेश हुई। अभिभाषक वादी/प्रतिवादी उपस्थित श्रीमान् P.O. सा. दौरे पर हैं। प्रात्रावली दिनांक 9/5/24 को वास्ते 3 क्लि पेश हो।<br>उपखण्ड अधिकारी | |
| 9/5/24 | पत्रावली पेश हुई। अधिवक्ता प्रार्थी उपस्थित, विपक्षीगण की बाद तामील प्राप्त हुई, जिन्हें शामिल पत्रावली किया गया। विपक्षीगण के विरुद्ध एक-पक्षीय कार्यवाही के आदेश पारित किए गए। पत्रावली वास्ते आदेश आगामी दिनांक 14/05/24 को पेश हो।<br>उप खण्ड अधिकारी<br>बिजौलियां जिला-भीलवाड़ा | |
| 14/5/24 | पत्रावली पेश हुई। अधिवक्ता प्रार्थी उपस्थित। पत्रावली में आदेश पारित किए गए। तहसीलदार बिजौलिया को पालना के लिए तहरीर जारी हो। पत्रावली फैसल शुमार होकर, नम्बर से कम होकर दाखिल दफ्तर हो।<br>उप खण्ड अधिकारी<br>बिजौलियां जिला-भीलवाड़ा | |

# न्यायालय उपखण्ड अधिकारी बिजौलियाँ जिला भीलवाड़ा (राज0)

प्रकरण संख्या :- 98/24 तारीख 05/4/24

लीलादेवी पत्नि प्रभुलाल जाति तेली उम्र वयस्क पेशा कृषि निवासी जैन मोहल्ला थडौदा तहसील बिजौलियां जिला भीलवाडा (राज0)

............प्रार्थीया

**बनाम**

01. प्रेम पुरी पुत्र देराम पुरी जाति गुसाई उम्र वयस्क पेशा कृषि निवासी थडोदा तहसील बिजौलियां जिला भीलवाड़ा (राज0)
02. कैलाश पुत्र नन्दलाल जाति धाकड उम्र वयस्क पेशा कृषि निवासी थडोदा तहसील बिजौलियां जिला भीलवाड़ा (राज0)
03. मनोज पुत्र घीसीलाल जाति रेगर उम्र वयस्क पेशा कृषि निवासी थडोदा तहसील बिजौलियां जिला भीलवाड़ा (राज0)
04. नारायण पुत्र रतना जाति भील उम्र वयस्क पेशा कृषि निवासी थडोदा तहसील बिजौलियां जिला भीलवाड़ा (राज0)

............विपक्षीगण

## प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111 – 128 रा0ले0रे0एक्ट

**–: आदेश :–** दिनांकः 14/5/24

प्रार्थना पत्र **लीलादेवी पत्नि प्रभुलाल जाति तेली निवासी जैन मोहल्ला थडौदा तहसील बिजौलियां जिला भीलवाडा (राज0)** ने जरिये अभिभाषक **श्री रामफूल धाकड** प्रस्तुत कर निवेदन किया है कि मेरे एकल/संयुक्त खाते **ग्राम थडोदा पटवार हल्का थडोदा तहसील बिजौलियाँ की सरहद में स्थित खाता संख्या 549 पर अंकित आराजी संख्या 46/11 रकबा 0.4856 हैक्टेयर भूमि** पर विपक्षीगण आये दिन सीमा विवाद को लेकर झगडा करते है। अतः पत्थरगढ़ी का आदेश प्रदान कराया जावें साथ में प्रार्थना पत्र की ताईद में शपथपत्र संलग्न है।

प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर करवाया गया। प्रस्तुत पत्रावली पर विद्वान अधिवक्ता की बहस सुनी गई और पत्रावली का अवलोकन किया गया।

पत्रावली में संलग्न जमाबन्दी सम्वत 2073–2076 के अवलोकन से प्रार्थी वादग्रस्त आराजीयात का खातेदार काश्तकार है। पड़ौसियान के विवाद करने बाबत् शपथपत्र संलग्न है। पत्थरगढ़ी से किसी के स्वत्व पर कोई विपरीत प्रभाव नहीं पड़ता है। भू–अभिलेख निरीक्षक **बिजौलियां खुर्द** को पत्थरगढ़ी बाबत् कमिश्नर नियुक्त किया जाता हैं। कमीश्नर फिस वक्त मौका प्रार्थी अदा करें।

अतः प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111–128 राजस्थान लेण्ड रेवेन्यु एक्ट स्वीकार किया जाकर **ग्राम थडोदा पटवार हल्का थडोदा तहसील बिजौलियाँ की सरहद में स्थित खाता संख्या 549 पर अंकित आराजी संख्या 46/11 रकबा 0.4856 हैक्टेयर भूमि** बशामलात पड़ौसियान के पत्थरगढ़ी करने हेतु आदेशित किया जाता है एवं पत्थरगढ़ी शुल्क राशि 100/– रूपये राजकोष में जमा होने पर पालनार्थ तहसीलदार बिजौलियाँ को लिखा जावें।

प्रार्थना पत्र निर्णित होकर नम्बर से कम हो।

आदेश सुनाया गया

उपखण्ड अधिकारी
बिजौलियाँ
बिजौलियां जिला भीलवाडा

कार्यालय उप खण्ड अधिकारी बिजौलियाँ (भीलवाड़ा)

# न्यायालय उपखण्ड अधिकारी बिजौलियाँ जिला भीलवाड़ा (राज0)

प्रकरण संख्या – 98/24 तारीख 05/7/24

प्रेषिति :–

तहसीलदार
बिजौलियाँ

विषय :–प्रकरण संख्या 98 / 2024 पत्थरगढ़ी बाबत्।

लीलादेवी पत्नि प्रभुलाल जाति तेली उम्र वयस्क पेशा कृषि निवासी जैन मोहल्ला थडौदा तहसील बिजौलियां जिला भीलवाडा (राज0)

............प्रार्थीया

**बनाम**

01. प्रेम पुरी पुत्र देराम पुरी जाति गुसाई उम्र वयस्क पेशा कृषि निवासी थडोदा तहसील बिजौलियां जिला भीलवाड़ा (राज0)
02. कैलाश पुत्र नन्दलाल जाति धाकड उम्र वयस्क पेशा कृषि निवासी थडोदा तहसील बिजौलियां जिला भीलवाड़ा (राज0)
03. मनोज पुत्र घीसीलाल जाति रेगर उम्र वयस्क पेशा कृषि निवासी थडोदा तहसील बिजौलियां जिला भीलवाड़ा (राज0)
04. नारायण पुत्र रतना जाति भील उम्र वयस्क पेशा कृषि निवासी थडोदा तहसील बिजौलियां जिला भीलवाड़ा (राज0)

............विपक्षीगण

उपर्युक्त विषयान्तर्गत अनवानी प्रकरण मैं आदेश होकर लेख है कि **ग्राम थडोदा पटवार हल्का थडोदा तहसील** बिजौलियाँ **की सरहद में स्थित खाता संख्या 549 पर अंकित आराजी संख्या 46 / 11 रकबा 0.4856 हैक्टेयर भूमि** की बशामलात पडौसीयान के पत्थरगढ़ी की जावें। मौके पर पत्थरगढ़ी के दौरान कब्जा किसी अन्य का पाया जावे तो जरिये पत्थरगढ़ी कब्जा नही हटाया जावे तथा समक्ष न्यायालय में वाद प्रस्तुत करने हेतु सूचित करें। आदेश पत्थरगढी हेतु भू–अभिलेख निरीक्षकर **बिजौलियां खुर्द** को कमिश्नर नियुक्त किया जाता हैं। पत्थरगढी करने से पहले विपक्षीगणों एवं पडोसियान को कमीश्नर फीस वक्त मौका प्रार्थी अदा करे। पत्थरगढी कर पालना रिपोर्ट 20 दिन में आवश्यक रूप से प्रस्तुत करें। पत्थरगढ़ी कर पालना रिपोर्ट 20 दिन में आवश्यक रूप से प्रस्तुत करे।

उप खण्ड अधिकारी
उपखण्ड अधिकारी
बिजौलियां जिला भीलवाडा
बिजौलिया

कार्यालय उप खण्ड अधिकारी बिजौलियाँ (भीलवाड़ा)